C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com | Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 6:19 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 6:26 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 233 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 12 मार्च 2026

मोनालिसा के प्रपोज को...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान पर चोरों धावा, चार मोबाइल गायब

हल्द्वानी । शहर के रामलीला गेट क्षेत्र स्थित एक मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान में मध्यरात्रि चोरी की घटना सामने आई है। दुकान से रिपेयरिंग के लिए आए चार मोबाइल फोन चोरी हो गए। मामले में पीड़ति ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग की है।

राजेन्द्र नगर वार्ड नंबर 13 राजपुरा निवासी सुमित कुमार की भैरव चौक रामलीला ग्राउंड गेट, में मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान है। सुमित कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 9 मार्च की मध्यरात्रि उनकी दुकान में चोरी हो गई। घटना की सूचना मिलने पर उनका छोटा भाई मौके पर पहुंचा, जहां दुकान से रिपेयरिंग के लिए आए चार मोबाइल फोन गायब मिले। पीड़ित सुमित कुमार ने पुलिस से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने और चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### घरेलू गैस के कॉमर्शियल उपयोग पर पांच सिलिंडर जब्त

सितारगंज। एसडीएम रविंद्र जुवांठा ने पूर्ति निरीक्षक डीएस धामी के साथ बाजार में छापा मारा। टीम ने जेल कैंप रोड, खटीमा रोड, किच्छा रोड पर स्थित कई होटल व रेस्टोरेंट की जांच की। इस दौरान किच्छा रोड रम्पुरा मस्जिद के पास एक दुकान में घरेलू एलपीजी सिलिंडर का कॉमर्शियल उपयोग होते हुए मिला। जिस पर टीम ने पांच घरेलू सिलिंडर जब्त कर लिए। बाद में एसडीएम ने गैस एजेंसी संचालकों के साथ बैठक भी की। इसमें एजेंसी संचालकों ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि गैस सिलिंडर की पर्याप्त उपलब्धता है और कहीं भी कमी नहीं है। एसडीएम ने एजेंसी संचालकों को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को समय पर सिलिंडर उपलब्ध कराएं और कालाबाजारी पर सख्ती से रोक लगाई जाए। उन्होंने दुकानदारों को चेतावनी दी कि यदि घरेलू गैस सिलिंडर का कॉमर्शियल उपयोग होता मिला तो संबंधित प्रतिष्ठान को सील कर दिया जाएगा।

## चारधाम यात्रा: अब तक हुए चार लाख से ज्यादा पंजीकरण

देहरादून
हमारे संवाददाता

चारधाम यात्रा पर आने वाले यात्रियों से किसी तरह का कोई रजिस्ट्रेशन शुल्क नहीं लिया जा रहा है। अब तक चार लाख 44 हजार से ज्यादा रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। यह कहना है संसदीय कार्यमंत्री सुबोध उनियाल का। उन्होंने कहा, सरकार यात्रा में आने से किसी यात्री को नहीं रोकेगी।

बजट सत्र के दौरान सदन में नियम 58 की सूचना पर बदरीनाथ विधायक लखपत बुटोला ने कहा, चारधाम यात्रा के मुख्य पड़ाव पर जाम की स्थिति बनी रहती है, यात्रियों के लिए सरकार वैकल्पिक मार्ग नहीं बना पाई है। यात्री पांच से छह घंटे जाम में फंसे रहते हैं। चारधाम में आने वाले यात्रियों के रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था खत्म हो या फिर रजिस्ट्रेशन के लिए ऑफ लाइन व्यवस्था भी की जाए। वहीं, यात्रा को 24 घंटे के लिए न खोलकर सुबह चार से रात नौ बजे तक खोला जाए। विधायक विक्रम सिंह नेगी ने भी चारधाम यात्रा के मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा, यात्रियों की संख्या निर्धारित न की जाए। इस पर संसदीय कार्यमंत्री ने बताया कि चारधाम यात्रा को लेकर सरकार संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। पिछले कुछ वर्षों में यात्रियों की संख्या में बड़ा इजाफा हुआ है। वर्ष 2001 में जहां यात्रियों की संख्या दस लाख थी, जो अब बढ़कर 2025 में 51 लाख हो चुकी है। यात्रियों के रजिस्ट्रेशन के पीछे सरकार की यह मंशा है कि इससे यात्रा व्यवस्थित होगी। यात्रियों के बारे में जानकारी होने से दुर्भाग्य से यदि कोई दुर्घटना होती है तो उसके बारे में सूचना प्राप्त की जा सकती है।



संसदीय कार्यमंत्री ने कहा, चारधाम यात्रा को लेकर सभी सुविधाएं 31 मार्च तक पूरी कर ली जाएगी। पेयजल के लिए जल संस्थान और सड़कों को लेकर सीमा सड़क संगठन को इस संबंध में निर्देश दिए गए हैं। सरकार पूरी यात्रा को व्यवस्थित बनाने और कूड़ा प्रबंधन को लेकर गंभीर है।

राज्य सरकारों को दिए गए कड़े निर्देश

## एलपीजी को लेकर दहशत फैलाने वालों पर मोदी सख्त

नई दिल्ली
एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान देश में एलपीजी को लेकर फैल रही अफवाहों और घबराहट पैदा करने की कोशिशों पर कड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग जानबूझकर गैस को लेकर डर का माहौल बना रहे हैं, लेकिन इससे वे खुद ही जनता के सामने बेनकाब हो रहे हैं और देश को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस समय पूरी दुनिया कई तरह की चुनौतियों से गुजर रही है, लेकिन इन मुश्किल परिस्थितियों के बीच भी भारत तेजी और स्थिरता के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया के कई बड़े नेता और विशेषज्ञ मानते हैं कि भारत धीरे-धीरे पूरे विश्व के लिए एक केंद्र बिंदु बनता जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने देश में एलपीजी को लेकर फैल रही अफवाहों और घबराहट पैदा करने की कोशिशों पर कड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग जानबूझकर गैस को लेकर डर का माहौल बना रहे हैं, लेकिन इससे वे खुद ही जनता के सामने बेनकाब हो रहे हैं और देश को नुकसान पहुंचा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने साफ कहा कि मौजूदा हालात का फायदा उठाकर कुछ लोग जरूरी चीजों की ब्लैक मार्केटिंग करने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे लोगों को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ऐसे बेईमान तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी और किसी को भी जनता को परेशान करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में इतिहास का जिक्र करते हुए बताया कि 12 मार्च 1930 को महात्मा गांधी ने दांडी मार्च की शुरुआत साबरमती आश्रम से की थी। उन्होंने कहा कि यह भारत के स्वतंत्रता आंदोलन का एक बड़ा मोड़ था, जिसने देश के हर कोने के लोगों को आजादी के लक्ष्य के लिए एकजुट कर दिया था।



पीएम मोदी ने कहा कि उस ऐतिहासिक यात्रा के लगभग 100 साल बाद आज भारत एक नई यात्रा पर निकला है। यह यात्रा एक विकसित भारत बनाने की है। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश का लक्ष्य और मंजिल एक ही है, भारत को विकसित राष्ट्र बनाना।

## वैवाहिक विवाद के दो मामले सामने आए, एक ने काउंसलिंग की गुहार लगाई

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

**आरोप**
- दूसरी ने मारपीट व जान से मारने की धमकी का आरोप

शहर में वैवाहिक विवाद के दो अलग-अलग मामले पुलिस के द्वार तक पहुंचे हैं। एक मामले में महिला ने अपना दांपत्य जीवन बचाने के लिए काउंसलिंग कराने की मांग की है, जबकि दूसरे मामले में महिला ने पति पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

पहले मामले में ज्योति पंत नाम की महिला ने मुखानी थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह 24 नवंबर 2024 को अंकित पंत निवासी नाहन हिमाचल प्रदेश के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। विवाह के बाद कुछ दिन तक सब कुछ ठीक रहा, लेकिन बाद में पति, सास और ननद का व्यवहार बदल गया और उसे दहेज को लेकर ताने दिए जाने लगे।

महिला का आरोप है कि बाद में उसे हिमाचल प्रदेश के नादौन ले जाकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया और पति ने उसे अपने साथ रखने से भी इंकार कर दिया। फिलहाल वह मायके में रह रही है। महिला ने पुलिस से महिला हेल्पलाइन के माध्यम से पति व सास को बुलाकर काउंसलिंग कराने की मांग की है ताकि उसका वैवाहिक जीवन बच सके।

वहीं दूसरे मामले में इंद्रानगर, काबुल गेट निवासी उजमा ने बनभूलपुरा थाना पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि शादी के करीब ढाई साल बाद से उसका पति सलमान आए दिन उसके साथ मारपीट करता है। महिला का कहना है कि पति का किसी अन्य लड़की से संबंध है और उसी से शादी करने की जिद में वह उससे झगड़ा करता है। आरोप है कि पति उसे जान से मारने की धमकी भी देता है, जिससे उसे अपनी जान-माल का खतरा बना हुआ है। दोनों मामलों में पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर जांच शुरू कर दी है और आवश्यक कार्रवाई की बात कही है।


## नैनीताल के बलियानाला क्षेत्र में मिला अधेड़ का शव

नैनीताल
हमारे संवाददाता

नैनीताल के सबसे अति संवेदनशील कहे जाने वाले बलियानाला क्षेत्र में बुधवार को एक व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर ज्योलीकोट पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह कुछ महिलाएं बीरभट्टी के पास बलियानाला क्षेत्र में जंगल की ओर गई थीं। इस दौरान नाले के किनारे उन्हें एक व्यक्ति का शव दिखाई दिया। शव देखकर महिलाएं घबरा गई और तुरंत ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद ग्रामीणों ने मामले की सूचना ज्योलीकोट पुलिस चौकी को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाखत कराई। मृतक की पहचान मनोज रावत उर्फ शर्मा (50) निवासी न्यू कॉलोनी दुर्गापुर पावर हाउस के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि मनोज रावत नैनीताल में पर्यटकों के लिए गाइड का काम करता था जो 6 मार्च की शाम बिना बताए घर से निकल गया था। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चलने पर पुलिस को सूचना दी गई थी। पुलिस को सरस्वती विहार क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों में मनोज की लोकेशन रात करीब डेढ़ से दो बजे के बीच बीरभट्टी की ओर जाते हुए दिखाई दी थी। इसके बाद से उसकी कोई जानकारी नहीं मिल पाई थी। ज्योलीकोट चौकी इंचार्ज श्याम बोरा के मुताबिक पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## राशि जैन जिला महामंत्री, दीप्ति बनी मीडिया संयोजक



हल्द्वानी। भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कंचन ठठोली ने अपनी टीम की घोषणा की। जिला महामंत्री की अहम जिम्मेदारी राशि जैन व आभा गोस्वामी को दी गयीं है। कोषाध्यक्ष चंपा नेगी को बनाया गया। जिले के मिडिया संयोजक के रूप में तेज तर्रार महिला नेत्री दीप्ति चुफाल को जिम्मेदारी दी गयीं। नंदी खुलबे, मुन्नी बिष्ट,कविता गंगोला, बबिता चंदौला उपाध्यक्ष, शीला लोशाली, आशा सत्यवली, राधा खोलिया,आनंदी बिष्ट मंत्री, दीपा सनवाल कार्यालय मंत्री बनाये गये। जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, जिला महामंत्री विनीत अग्रवाल, रंजन बर्गली, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनायें दी।

## नाबालिग के पास से 107.72 ग्राम अवैध चरस बरामद, पुलिस ने संरक्षण में लिया, सप्लाई देने वाला युवक भी नामजद

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

काठगोदाम थाना पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान एक नाबालिग किशोर के पास से 107.72 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने किशोर को जुवेनाइल जस्टिस एक्ट के प्रावधानों के तहत संरक्षण में लेते हुए मामले में एक अन्य आरोपी को भी नामजद किया है, जो कथित रूप से चरस उपलब्ध कराता था।

काठगोदाम थाना प्रभारी विमल कुमार मिश्रा ने बताया कि बीती देर शाम एस आई दिलीप कुमार अपने दलबल के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था, अपराध रोकथाम और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के लिए निकले थे। इसी दौरान टूटा पहाड़ काठगोदाम स्थित भट्ट मैगी प्वाइंट के पास एक युवक पुलिस को देखकर घबराने लगा और ढेली के अंदर कुछ छिपाने का प्रयास करने लगा। संदेह होने पर पुलिस ने युवक से पूछताछ की। युवक ने अपने आप को 15 वर्षीय , निवासी खुर्पाताल बज्यून, थाना मल्लीताल, जिला नैनीताल बताया। पुलिस की तलाशी के दौरान किशोर के पास से डिब्बे में रखी सिगरेट की डिब्बियों के साथ चरस बरामद हुई जब मौके पर ही तराजू से चरस का वजन 109.40 ग्राम पाया गया, पूछताछ में किशोर ने बताया कि यह चरस उसी की है और वह इसे लोगों को बेचता था। उसने यह भी बताया कि चरस उसे कमल भट्ट निवासी सलड़ी, भीमताल बेचने के लिए देता था। किशोर के अनुसार वह ढेली में काम करता है और उसे 9,000 रुपये मासिक वेतन मिलता है। वह चरस को इलेक्ट्रॉनिक तराजू से तौलकर लगभग 1,000 रुपये प्रति तोला के हिसाब से बेचता था, जबकि कुछ भुगतान ऑनलाइन भी कमल भट्ट के खाते में किया जाता था। पुलिस ने बताया कि किशोर को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष पेश किया गया है।

# गैस किल्लत: डीएम से मिला नैनीताल होटल एंड रैस्टोरैंट एसो0

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



पर्यटन नगरी नैनीताल में व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति कम होने से होटल और रेस्तरां संचालकों में चिंता बढ़ गई है। मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए नैनीताल होटल एंड रैस्टोरैंट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बुधवार को जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल से मुलाकात कर समस्या के समाधान की मांग की ।

होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने बताया कि वर्तमान में होटलों और रेस्तरां को मिलने वाले व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति अचानक कम कर दी गई है। वर्तमान में किसी भी होटल या रेस्तरां को नियमित रूप से व्यावसायिक गैस सिलेंडर मुहैया नहीं हो पा रहे हैं जिससे पर्यटन कारोबार प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि नैनीताल की अर्थव्यवस्था पूरी तरह पर्यटन पर आधारित है और इसमें होटल व रेस्तरां व्यवसाय की महत्वपूर्ण भूमिका है। बिष्ट के मुताबिक गर्मी का पर्यटन सीजन भी नजदीक आ रहा है। ऐसे में यदि जल्द ही व्यावसायिक गैस की आपूर्ति बहाल नहीं की गई तो होटल और रेस्तरां संचालकों के सामने अपने प्रतिष्ठान बंद करने की स्थिति पैदा हो सकती है इससे पर्यटकों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। होटल कारोबारियों ने जिलाधिकारी से जल्द हस्तक्षेप कर व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है। इस पर जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने कारोबारियों को मामले में आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस दौरान एसोसिएशन के महासचिव वेद साह समेत कई एसोसिएशन के पदाधिकारी समेत डीएसए के महासचिव मनोज जोशी भी मौजूद रहे।

........संबंधित खबर पेज 4 पर



# नैनीताल के सभासदों ने सौंपा पालिका के ईओ को ज्ञापन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर पालिका परिषद नैनीताल के सभासदों ने बुधवार को पालिका की पार्किंग और टोल के टेंडर कराने की मांग को लेकर पालिका के ईओ रोहिताश शर्मा को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से कहा कि नैनीताल क्षेत्र में पर्यटकों और स्थानीय वाहनों की संखया दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है जिस कारण शहर की पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने और पालिका की आय में वृद्धि के उद्देश्य से क्षेत्र में संचालित पार्किंग और टोल के संचालन के लिए नियमानुसार टैंडर प्रक्रिया कराई जानी आवश्यक है।

सभासदों ने अनुरोध किया कि सुचारू यातायात व्यवस्था और राजस्व प्राप्ति के लिए शहर की टोल पार्किंग के टैंडर आमंत्रित करना जरुरी है।इस दौरान सभासद गीता उप्रेती, ललिता दफ टैी, गजाला कमाल, मनोज साह जगाती, पूरन सिंह बिष्ट तथा जितेंद्र कुमार पांडे आदि मौजूद रहे।

# प्रिवेंशन ऑफ सेक्सुअल हर्रासमेंट ऑफ वर्किंग वीमेन एंड स्टूडेंट विषय पर हुआ जागरुकता कार्यक्रम

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

माता जिया रानी महिला अध्ययन केंद्र कुमाऊं विश्विद्यालय नैनीताल में प्रिवेंशन ऑफ सेकसुअल हर्रासमेंट ऑफ वर्किंग वीमेन एंड स्टूडेंट विषय पर बुधवार को एक दिवसीय जागरूकता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुखय अतिथि और वक्ता प्रो. ललित तिवारी और हीरा जंगपांगी पॉश एटिविस्ट थे।

बता दें श्रीमती हीरा जंगपांगी ऊधमसिंह नगर के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 20 वर्षो से महिला स्वपस्थ्य, डोमेस्टिक वायलेंस और पॉश जागरूकता अभियान में लगातार अपना योगदान देती आ रही हैं तथा एकशन ऐड नामक एनजीओ से भी जुड़ी हैं। श्रीमती हीरा जंगपांगी ने प्रिवेंशन ऑफ सेक्सुअल हर्रासमेंट ऑफ वर्किंग वीमेन एंड स्टूडेंट विषय पर विस्तृत जानकारी हेतु विशाखा गाइड लाइन्स और भंवरी देवी के केस के बारे में विस्तार से से बताया गया।

बता दें माता जिया रानी महिला अध्ययन केंद्र में 8 मार्च से 14 मार्च महिला पखवाड़ा मना रहा है। इस महिला पखवाड़े के समस्त कार्यक्रम गिव एंड गैन पर आधारित है जिसका अर्थ है कि कमयुनिटी को कुछ देना जिससे कि उनके जीवन स्तर पर सकारात्मक प्रभाव पड़े। कार्यक्रम के अंत में प्रोफेसर ललित तिवारी ने इस जागरूकता प्रोग्राम की सराहना की तथा कार्यक्रम का संचालन डा. किरण तिवारी ने किया। इस अवसर पर माता जिया रानी महिला अध्ययन केंद्र की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा ने सभी को कार्यक्रम को सफल बनाने पर बधाई दी।



## NEWS / फटाफट

### डिंपी ने परिणय सूत्र में बंधने से पूर्व एक पौधा धरती मां के नाम के तहत किया पौधारोपण

**नैनीताल** । राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान बुधवार को 604वें दिन भी जारी रहा।



पौधारोपण अभियान के 604वें दिन विवाह समारोह को पौधारोपण कार्यक्रम से जोडने के तहत डीडीहाट में डीडीहाट निवासी केदार सिंह मर्तोलिया व हंसा मर्तोलिया की पुत्री डिंपी ने परिणय सूत्र में बंधने से पूर्व एक पौधा धरती मां के नाम के तहत पौधारोपण किया। डिंपी ने कहा कि वह अपनी हर सालगिरह पर पौधारोपण करेंगे। केदार सिंह मर्तोलिया ने कहा कि विवाह समारोह में पौधारोपण करना महान कार्य है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पौधारोपण अभियान की सराहना की। कार्यक्रम में राजेंद्र सिंह चूफाल, प्रताप सिंह, नरेंद्र सिंह बसेड़ा उपस्थित रहे । दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधा रोपण अभियान जारी रहेगा।

### उत्तराखंड बोर्ड में कोर्स से बाहर के आए प्रश्नों पर मिले बोनस अंक

**नैनीताल** । हाईस्कूल विज्ञान व गणित के प्रश्नपत्रों में कोर्स से बाहर के आए प्रश्नों पर उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ के नैनीताल जिलाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी ने कहा कि इस संदर्भ में जल्द ही बोर्ड सचिव से वार्ता की जायेगी ताकि छात्रों का कोई नुकसान न हो। उन्होंने कहा कि कोर्स से बाहर आए प्रश्नों के एवज में छात्र-छात्राओं को बोनस अंक दिया जाना बेहद जरुरी है।

### लोक गायक कनवाल के निधन पर जताया शोक

**नैनीताल** । प्रसिद्ध लोक गायक दीवान कनवाल के निधन पर भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय परिवार ने शोक व्यक्त किया है। भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के शिक्षकों तथा शिक्षिकाओं और लोक संस्कृति से जुड़े हुए दर्जनों कलाकारों ने शोक व्यक्त किया है। प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता ने कहा कि दीवान सिंह कनवाल लोकधुन की बेजोड़ शैली के बेहतरीन लोकगायक थे जिनका निधन पहाड़ की लोक संस्कृति के लिए अपूरणीय क्षति है।लोक गायक दीवान कनवाल पहाड़ की समृद्ध परंपरा के जीवंत उदाहरण थे जिन्होंने देवभूमि उत्तराखंड ही नहीं उत्तराखंड से बाहर बसे हुए प्रवासी उत्तराखंडियों को भी अपनी लोक गायकी के द्वारा स्वस्थ मनोरंजन प्रदान किया ।

### कथक नृत्यांगना डॉ दीपा जोशी दिल्ली में होंगी 15 को सम्मानित



**नैनीताल**। कथक नृत्यांगना डॉ. दीपा जोशी को 15 मार्च को गढ़वाल भवन दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में कल्याणी सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। बता दें कल्याणी सामाजिक संस्था दिल्ली द्वारा आयोजित सातवें कल्याणी सम्मान समारोह में यह सम्मान कला के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए डॉ दीपा जोशी को प्रदान किया जाएगा। वर्तमान में वह सेंट्रल बयूरो ऑफ कमयुनिकेशन सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के नैनीताल कार्यालय में कार्यरत हैं।

### अग्निशमन केंद्र नैनीताल ने दिया आग बुझाने का प्रशिक्षण



**नैनीताल** । अग्निशमन केंद्र नैनीताल की ओर से उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार अग्निशमन अधिकारी देवेंद्र सिंह नेगी द्वारा नैनीताल जिले के भीमताल व मुक्तेश्वर क्षेत्रअंतर्गत व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, स्कूलों तथा पेट्रोल पंप का अग्निसुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपस्थित स्टाफ को फ ायर एसटिंग्यूशर द्वारा आग बुझाने का प्रशिक्षण दिया गया एवं अग्नि सुरक्षा संबंधी कमियो को दुरस्त करने हेतु सुझाव दिये गए।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# हाईकोर्ट ने लगाई सड़क निर्माण पर रोक, वन सचिव को जबाव दाखिल करने के दिए निर्देश

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने पिथौरागढ़ जिले की तहसील थल का ग्राम सुनेती में वन विभाग की भूमि में बिना वन विभाग की अनुमति लिए कुछ लोगो के द्वारा अपने घरों तक बनाई जा रही सड़क निर्माण को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की।

मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट की खंडपीठ ने सड़क निर्माण पर रोक लगाते हुए सचिव वन उत्तराखंड सरकार से जवाब दाखिल कर उक्त मामले में की गई कार्यवाही की प्रगति रिपोर्ट पेश करने को कहा है साथ में कोर्ट ने यह भी कहा कि प्रशासन की देखा-देखी कैसे पेड़ काटे गए और बिना अनुमति के सड़क का निर्माण कैसे हुआ? कोर्ट को अवगत कराएं, साथ में कोर्ट ने केंद्र सरकार से भी पूछा है कि ऐसी घटनाओं को कैसे रोका जा सकता है? अगली तिथि को कोर्ट का मार्गदशन करें। मामले की अगली सुनवाई 1 अप्रैल (बुधवार की तिथि नियत की है। कोर्ट ने विपक्षी कृष्णा जोशी व मोहन जोशी को नोटिस भी जारी किया है। मामले के अनुसार पिथौरागढ़ जिले की तहसील थल के ग्राम सुनेती निवासी भास्कर चंद्र जोशी ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि सुनेती गाँव मे वन विभाग की जमीन मे बिना किसी की अनुमति के अवैध रूप से हरे भरे पेड़ काटकर अवैध रूप से कुछ लोगो के द्वारा सड़क निर्माण किया जा रहा है जिससे पर्यावरण को नुकसान हो रहा है।

याचिका में कहा गया है वन भूमि में सड़क निर्माण के लिए न तो पर्यावरण बोर्ड से अनुमति ली गई और न ही भारत सरकार व उत्तराखंड सरकार से अनुमति ली गई है जोकि नियमों के विरुद्ध है। ग्रामीणों ने इस संबन्ध में तहसील में शिकायत की लेकिन कुछ खास कार्यवाही नहीं हुई। जनहित याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई है कि सड़क निर्माण पर रोक लगाई जाय।

# मोबाइल दुकान पर चोरों धावा, चार मोबाइल गायब

**हल्द्वानी** । शहर के रामलीला गेट क्षेत्र स्थित एक मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान में मध्यरात्रि चोरी की घटना सामने आई है। दुकान से रिपेयरिंग के लिए आए चार मोबाइल फोन चोरी हो गए। मामले में पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। राजेन्द्र नगर वार्ड नंबर 13 राजपुरा निवासी सुमित कुमार की भैरव चौक रामलीला ग्राउंड गेट, में मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान है। सुमित कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 9 मार्च की मध्यरात्रि उनकी दुकान में चोरी हो गई। घटना की सूचना मिलने पर उनका छोटा भाई मौके पर पहुंचा, जहां दुकान से रिपेयरिंग के लिए आए चार मोबाइल फोन गायब मिले। पीड़ित सुमित कुमार ने पुलिस से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने और चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी पर प्रशासन सख्त, डीएम ने दिए कड़ी कार्रवाई के निर्देश

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी, जमाखोरी और व्यवसायिक उपयोग की बढ़ती शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि घरेलू गैस का कमर्शियल डायवर्जन किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने परगना अधिकारियों, पुलिस क्षेत्राधिकारियों तथा पूर्ति निरीक्षकों को निर्देशित किया है कि घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग और कालाबाजारी पर विशेष निगरानी रखी जाए। इसके लिए तहसील स्तर पर तहसीलदार, थानाध्यक्ष और पूर्ति निरीक्षकों की संयुक्त क्विक रिस्पांस टीम गठित करने के भी निर्देश दिए गए हैं, जो शिकायत मिलने पर तुरंत मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि स्थानीय सूचना तंत्र को और मजबूत करते हुए गैस की जमाखोरी, अवैध रिफिलिंग और कालाबाजारी पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर संयुक्त रूप से अभियान चलाएंगे ताकि ऐसी गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके। जिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कहीं भी घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग या अवैध भंडारण पाया जाता है तो संबंधित व्यकियों के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने आम जनता से भी अपील की है कि ऐसी किसी भी गतिविधि की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें।

# अभिमत

## भ्रष्टाचार को छिपाना!

*भ्रष्टाचार वर्तमान में सामाजिक समस्या के साथ हर क्षेत्र के लिए चिंताजनक है। स्कूली बच्चों को न्यायिक व्यवस्था के बारे में जानकारी देने को लेकर बहस छिड़ गई है। एक पक्ष का कहना है कि भ्रष्टाचार को पाठ्य पुस्तकों से हटाकर सार्वजनिक रूप से विभिन्न माध्यमों से खत्म करने का प्रयास किया जाना चाहिए। दरअसल यह काम जिन्हें करना है, वही भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। कार्यपालिका और प्रशासनिक व्यवस्था के कारण न्याय मिलने में विलम्ब होता है। मुकदमे लंबित होने की अनेक वजह में से एक भ्रष्टाचार भी है।*

लोकतांत्रिक शासन में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का ढिंढोरा पीटा जाता है। अभिव्यक्ति के माध्यम अलग-अलग हैं। अब भ्रष्टाचार को मिटाने की जगह छिपाने पर जोर दिया जा रहा है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए कमजोरियों को स्वीकार करना जरूरी है, इसके साथ ही सुधार किया जाना चाहिए। भ्रष्टाचार वर्तमान में सामाजिक समस्या के साथ हर क्षेत्र के लिए चिंताजनक है। स्कूली बच्चों को न्यायिक व्यवस्था के बारे में जानकारी देने को लेकर बहस छिड़ गई है। एक पक्ष का कहना है कि भ्रष्टाचार को पाठ्य पुस्तकों से हटाकर सार्वजनिक रूप से विभिन्न माध्यमों से खत्म करने का प्रयास किया जाना चाहिए। दरअसल यह काम जिन्हें करना है, वही भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। कार्यपालिका और प्रशासनिक व्यवस्था के कारण न्याय मिलने में विलम्ब होता है। मुकदमे लंबित होने की अनेक वजह में से एक भ्रष्टाचार भी है। कुछ लोगों का कहना है कि बच्चों को सिर्फ आदर्शवादी जानकारी दी जाये, जिससे वह देश के आदर्श नागरिक बन सकें। सवाल यह है कि शैक्षिक सामग्री से समस्याओं को हटा दिया जाये तो उससे क्या वास्तविकता बदल जायेगी? शिक्षा का उद्देश्य प्रचार नहीं है, बल्कि बच्चों में विवेकपूर्ण समझ विकसित करना होना चाहिए। बचपन में ही यह समझ होनी चाहिए कि देश की अनेक संस्थाएं और व्यवस्थाएं किस तरह काम कर रही हैं। पाठ्य पुस्तकों में मुंशी प्रेम चंद की कहानियों को समाज की समझ के लिए पढ़ाया जाता है। 'नमक का दरोगा' कहानी में भ्रष्टाचार का जितने प्रभावी तरीके से उल्लेख किया गया है, वह वर्तमान में भी प्रासंगिक है। गुजरे दशकों में वह बदला नहीं है। भ्रष्टाचार और अधिक व्यापक हुआ है। प्रारंभिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक महापुरुषों के व्यक्तित्व और कृतित्व से परिचय कराकर आदर्शवाद की शिक्षा दी जाती है, फिर भी भ्रष्टाचार और अपराध की प्रवृत्ति बढ़ रही है। शिक्षा के क्षेत्र में ईमानदारी, आदर्श और सम्मान को पीछे छोड़कर विसंगतियां आ गई हैं। पीड़ित को न्याय में देरी एक तरह से पीड़ित को सजा और आरोपी को अभय दान के बराबर है। सुलभ, सस्ता और त्वरित न्याय की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। पाठ्य पुस्तकों से न्यायिक व्यवस्था की पेचीदगियों को हटा देने से परिस्थितियां नहीं बदलेंगी।

# नेचर गाइड व ईको-टूरिज्म प्रशिक्षण कार्यक्रम

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

नैनीताल वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी/प्राणी उद्यान के निदेशक आकाश गंगवार के निर्देशन में हिमालयन बोटैनिकल गार्डन नारायणनगर में तीन दिवसीय कैट प्लान योजना के तहत ग्रामीणों की क्षमता विकास हेतु नेचर गाइड एवं ईको-टूरिज्म प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका बुधवार को समापन हो गया।



प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में हिमालयी क्षेत्रों की फलोरा (वनस्पति) एवं जैव विविधता की जानकारी, नेचर गाईड के नियम, कर्तव्य एवं जिमेदारियाँ, हिमालयन बॉटनिकल गार्डन की जैव विविधता एवं प्रमुख पौधों एवं औषधीय वनस्पतियों की जानकारी, पक्षी अवलोकन एवं पक्षियों की पहचान से संबंधित जानकारी एवं हिमालयन बॉटनिकल गार्डन का भ्रमण कराया गया जबकि प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस में ट्रेक रूट अध्ययन (टांकी से नैना पीक एवं नैना पीक से किलबरी वन विश्राम गृह), वनस्पति एवं वन्यजीव अवलोकन एवं वर्ड वाचिंग, नैना देवी जलकुंड भ्रमण, किलबरी/पंगूट (नैना देवी हिमालयन पक्षी संरक्षण आरक्षिति, नैना रेंज) भ्रमण आदि कराया गया वहीं प्रशिक्षण के तृतीय दिवस में हिमालयन बोटैनिकल गार्डन, नारायणनगर में कैट प्लान योजना के अन्तर्गत नेचर गाइड एवं ईको-टूरिज्म प्रशिक्षण से स्थानीय स्तर पर रोजगार प्रारम्भ करने पर विचार-विमर्श, हिमालयन बोटैनिकल गार्डन, भ्रमण के अनुभव, नैना देवी हिमालयन पक्षी संरक्षण आरक्षिति, नैना रेंज में ट्रैक के दौरान देखी गई वनस्पति, वन्यजीव एवं पक्षियों पर चर्चा की गई एवं कार्यक्रम के समापन पर प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

इस अवसर पर ममता चन्द उप प्रभागीय वनाधिकारी नैनीताल वन प्रभाग नैनीताल, नितिन पंत वन क्षेत्राधिकारी बढ़ौन/मनोरा वन क्षेत्र, विजय भट्ट, उत्तरी गौला वन क्षेत्र, आनन्द लाल वन क्षेत्राधिकारी, प्राणी उद्यान नैनीताल, अभय जोशी वन क्षेत्राधिकारी (परिवीक्षा), अरविन्द कुमार वन आरक्षी हिमालयन बोटैनिकल गार्डन, पूरन जोशी बर्ड वाचर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ0. रजनी रावत बोटनिस्ट हिमालयन बोटैनिकल गार्डन द्वारा किया गया।

इसके अलावा पूर्व में राजकीय मौन पालन केन्द्र ज्योलीकोट द्वारा मौन पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम, मुखय मशरूम विकास अधिकारी ज्योलिकोट द्वारा मशरूम उत्पादन कार्यक्रम एवं राजकीय होटल मैनेजमेन्ट एवं कैटरिंग संस्थान अल्मोडा द्वारा होमस्टे प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन भी नैनीताल वन प्रभाग नैनीताल द्वारा किया गया।

## कविता गंगोला बनी भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष



नैनीताल। भाजपा महिला मोर्चा की नैनीताल जिले की जिलाध्यक्ष कंचन ठप्रेती की ओर से जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट व महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट की संस्तुति के बाद नैनीताल महिला मोर्चा की पूर्व मंडल अध्यक्ष कविता गंगोला को मोर्चा में जिला उपाध्यक्ष की अहम जिममेदारी सौंपी गयी है।

बता दें कविता गंगोला का पूर्व का महिला मोर्चा नैनीताल मंडल का कार्यकाल सराहनीय रहा है। गंगोला ने पार्टी की मजबूती के लिए कार्य किया। कविता गंगोला भाजपा में रहने के बाद भी सामाजिक व धार्मिक कार्यों में प्राथमिकता से भाग लेती रही हैं। उनके जिला उपाध्यक्ष बनने पर पार्टी के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की है। दूसरी ओर कविता गंगोला ने पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकाकारियों की ओर से दी गयी जिममेदारी के लिए उनका आभार जताया है।

## कुलपति की नियुक्ति को निरस्त क्वैश करने का मामला,निर्णय रखा है सुरक्षित

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर (केंद्रीय विश्वविद्यालय) के कुलपति की नियुक्ति को निरस्त (क्वैश) करने के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुखय न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने सभी पक्षों को सुनने के बाद निर्णय सुरक्षित रख लिया है।

मामले के अनुसार प्रो. नवीन प्रकाश नौटियाल ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि कुलपति की नियुक्ति केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में शिक्षकों तथा अन्य अकादमिक स्टाफ की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हताएँ एवं उच्च शिक्षा में मानकों के अनुरक्षण के उपाय) विनियम 2018 के प्रावधानों का उल्लंघन करने के खिलाफ हुए है ।यह कि यूजीसी विनियमों तथा विज्ञापन में निर्धारित स्वयं की पात्रता शर्तों के उल्लंघन में प्रो. प्रकाश सिंह की कुलपति के रूप में निरंतर बनी हुई जिनकी नियुक्ति मनमानी एवं अवैध है। यह मेरिट आधारित नियुक्तियों की पवित्रता को क्षति पहुँचाती है तथा भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 एवं 16 का उल्लंघन करती है।उपर्युक्त तथ्यों एवं परिस्थितियों के दृष्टिगतए याचिकाकर्ता के पास इस न्यायालय के समक्ष भारत के संविधान के अनुच्छेद 226 के अंतर्गत वर्तमान याचिका प्रस्तुत करने के अतिरिक्त कोई अन्य वैकल्पिकए प्रभावी एवं पर्याप्त उपाय मुहैया नहीं है क्योंकि कुलपति की नियुक्ति यूजीसी विनियम 2018 की विनियम 7.3 के प्रतिकूल है जिसमें विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में न्यूनतम दस वर्षो के अनुभव की अनिवार्यता निर्धारित की गई है क्योंकि प्रो. सिंह का भारतीय लोक प्रशासन संस्थान में चेयर प्रोफेसर के रूप में अनुभव को विश्वविद्यालय के प्रोफेसर के समकक्ष नहीं माना जा सकता क्योंकि आईआईपीए न तो कोई विश्वविद्यालय है और न ही यूजीसी मानदंडों द्वारा शासित संस्था है क्योंकि शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञापन में पात्रता को स्पष्ट रूप से विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में 10 वर्ष तक सीमित किया गया था जिससे किसी भी प्रकार की समकक्षता या प्रतिस्थापन की कोई गुंजाइश नहीं रहती।

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विभिन्न निर्णयों में यह बार बार प्रतिपादित किया गया है कि चयन समिति चयन प्रक्रिया के मध्य में किसी सार्वजनिक पद हेतु नियुक्ति की पात्रता शर्तों को परिवर्तितध्शिथिल नहीं कर सकती क्योंकि ऐसी मनमानी नियुक्तियाँ शैक्षणिक संस्थानों की निष्पक्षता एवं अखंडता में जनविश्वास को क्षीण करती हैं तथा संविधान के अनुच्छेद 14 के अंतर्गत समानता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करती हैं। यह स्थापित विधि है कि किसी सार्वजनिक पद पर नियुक्ति संविधान के अनुच्छेद 14 के अनुरूप ही की जानी चाहिए तथा संपूर्ण प्रक्रिया में कोई भी मनमानी नहीं होनी चाहिए।

# फिल्मी दुनिया

## मोनालिसा के प्रपोज को फरमान ने किया था रिजेक्ट



*2025 के महाकुंभ मेले में वायरल हुई मोनालिसा भोसले ने 11 मार्च को केरल में अपने बॉयफ्रेंड फरमान खान से शादी कर ली। केरल में दोनों के शादी करने के बाद कपल पर लव जिहाद के आरोप लगने लगे। मोनालिसा को फिल्म ऑफर करने वाले निर्देशक सनोज मिश्रा ने भी इसे लव जिहाद करार दिया। अब एक दिन बाद कपल ने इस पर प्रतिक्रिया दी है। मोनालिसा और फरमान ने लव जिहाद के आरोपों को झुठलाया है। साथ ही फरमान ने मोनालिसा के प्रपोजल और अपने प्यार को लेकर भी बात की।*

*शादी के बाद इस जोड़े ने मीडिया से बातचीत की और अपनी प्रेम कहानी साझा की। इस दौरान फरमान ने अपनी लव स्टोरी के बारे में बताते हुए कहा कि दोनों की मुलाकात एक फिल्म की शूटिंग के दौरान हुई थी। छह महीने तक डेटिंग करने के बाद उन्होंने शादी करने का फैसला किया। फरमान ने कहा, 'हमने केरल में इस जगह शादी करने का फैसला किया क्योंकि हमें नयनार मंदिर बहुत पसंद है। केरल के लोग बहुत अच्छे हैं।' वहीं मोनालिसा ने कहा कि यहां के लोग बहुत सहयोगी हैं। हमने छह महीने तक डेटिंग की। अपनी छह महीने की डेटिंग को साठ साल का प्यार बताते हुए फरमान खान ने कहा कि ये छह महीने साठ साल के प्यार जैसे थे, इसीलिए हमने शादी करने का फैसला किया। हम एक फिल्म की शूटिंग के दौरान मिले थे।*

### प्रयागराज महाकुंभ में वायरल हुई थीं

*मोनालिसा साल 2025 में महाकुंभ मेले में अपनी अनोखी नीली-भूरी आंखों के कारण वायरल हो गई थीं। उन्हें प्रयागराज में रुद्राक्ष और माला बेचते हुए देखा गया था। इसके बाद उनकी खूबसूरती और अलग तरह की आंखें लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गए।*

## पर्यटन सीजन से पहले जुटाई जाएंगी सभी व्यवस्थाएं:डीएम

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

आगामी पर्यटन सीजन को देखते हुए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए स्टेक होल्डरों के साथ बैठक करने की तैयारी के साथ ही संबंधित विभागों को आवश्यक इंतजाम पहले से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।



**बैठक**

- जल्द ही स्टेक होल्डरों के साथ बैठक कर राय ली जाएगी

जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने बताया कि अधिकारियों को निर्देशित किया है कि पर्यटन सीजन शुरू होने से पहले शहर में यातायात, पार्किंग, सफ ाई तथा पेयजल, सुरक्षा और अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था कर ली जाए। उन्होंने कहा कि पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा न होए इसके लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें।

बताया कि जल्द ही होटल व्यवसायियोंए टैकसी यूनियनों समेत व्यापार मंडल सहित अन्य स्टेक होल्डरों के साथ बैठक कर सुझाव लिए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्यटन सीजन के दौरान व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी की सहभागिता आवश्यक है। अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए कि पर्यटन स्थलों पर साफ.सफाईए यातायात प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाएए ताकि शहर में आने वाले पर्यटकों को बेहतर अनुभव मिल सके।

News कॉर्नर

## घास काटने के दौरान पेड़ से गिरकर महिला घायल

नैनीताल । नैनीताल के समीपवर्ती गैरीखेत गांव में बुधवार को जंगल में घास काटने के दौरान एक महिला पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन महिला को डोली के सहारे सड़क तक लाए जहां से टैकसी वाहन के माध्यम से उसे उपचार के लिए राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार गैरीखेत निवासी भावना बिष्ट (40) जंगल में घास काटने गई थी। इसी दौरान संतुलन बिगडने् से वह पेड़ से गिर गई और घायल हो गई। घटना के बाद परिजन और ग्रामीणों ने महिला को डोली में लादकर सड़कतक पहुंचाया और वहां से टैकसी वाहन से बीडी पांडे जिला अस्पताल लाया गया। जिला अस्पताल के पीएमएस डॉ. तरुण कुमार टम्टा ने बताया कि महिला का प्राथमिक उपचार किया गयाए लेकिन हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

## बिना हेलमेट घूम रहे दोपहिया वाहन चालकों पर हो कार्रवाई

नैनीताल । पर्यटन नगरी नैनीताल में बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों की संखया लगातार बढ़ रही है। कई लोग पुलिस की मौजूदगी में भी बिना हेलमेट सड़कों पर घूमते नजर आ रहे हैं लेकिन उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं।
स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर पुलिस नियमित रूप से चेकिंग अभियान चलाए और बिना हेलमेट वाहन चालकों पर कार्रवाई करे तो सड़क हादसों में कमी लाई जा सकती है। मामले में एसपी डॉ. जगदीश चन्द्रा का कहना है कि बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी और यातायात नियमों का सखती से पालन कराया जाएगा।

# जनसमस्याओं को प्राथमिकता से हल करें अधिकारी:ब्लॉक प्रमुख डा.बिष्ट

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड सभागार में बुधवार को क्षेत्र पंचायत समिति (बीडीसी) की त्रैमासिक बैठक ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में हुई। बैठक की शुरुआत में पिछले बैठक के कार्यो की समीक्षा की गई। इस दौरान बीडीसी सदस्यों एवं ग्राम प्रधानों ने अपने-अपने गांवों में शिक्षा,सड़क और पेयजल की खराब स्थिति को ठीक करने की मांग की। बैठक ग्राम प्रधान उड़वा ने 23 बच्चों पर एक ही शिक्षक होने की समस्या को रखा। मामले में मुखय विकास अधिकारी ने जिला स्तरीय अधिकारियों को स्कूलों का निरीक्षण




करने के निर्देश दिए। ग्राम प्रधान अल्चोना एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य ने मोटर मार्ग पर डामरीकरण करवाने की माग रखी। ग्राम प्रधान अधोड़ा प्रेमा मेहरा द्वारा बजून अधोड़ा मोटर मार्ग पर मरममत,ग्राम प्रधान मलुवाताल द्वारा ग्रामीण कई दशकों से मोटर मार्ग की माग कर रहे हैं इसके निर्माण की जानकारी विभाग से चाही। बैठक में वन विभाग के कोई भी अधिकारी बैठक में उपस्थित नहीं रहा,इस पर मुखय विकास अधिकारी ने वन विभाग के अनुपस्थित रहने पर सदन को स्पष्ट करने का आश्वासन दिया। बैठक में क्षेत्र के विकास के लिए बजट प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बैठक में प्रमुख ने अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे भीमताल में लंबित पड़े सड़क निर्माण कार्यों को समय सीमा के भीतर पूरा करें। प्रमुख ने कहा सभी अधिकारी आगामी बैठकों में पूरी तैयारी के साथ आए। कहा क्षेत्र पंचायत की बैठक महत्वपूर्ण है धरातल में विकास कार्य उतारने के लिए क्षेत्र पंचायत की बैठक महत्वपूर्ण समस्याओं का समाधान करना हमारी प्राथमिकता है। संचालन दिनेश बिष्ट ने किया।

बैठक में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरमवाल ने अपने संबोधन में कहा शांतिपूर्ण बैठक आयोजित की गई है जो भी समस्या यहां पर आई है मेरे स्तर जो भी हल होगा उसका प्रयास करूंगी सीडीओ अरविंद कुमार पांडे ने कहा सभी विभागीय अधिकारी जो भी यहां पर समस्या आई है उनको प्राथमिकता से हल करने का प्रयास करें। बैठक में विभागीय अफसर व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# हल्द्वानी: सरेआम भिड़ीं दो महिला ब्लॉगर रातभर हिरासत में, आज मिली जमानत

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले के हल्द्वानी क्षेत्र के काठगोदाम में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब सोशल मीडिया पर लोकप्रिय दो महिला ब्लॉगर सरेआम एक-दूसरे से भिड़ गईं। मशहूर ब्लॉगर ज्योति अधिकारी और सुनीता भट्ट के बीच किसी पुरानी रंजिश को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते इतना बढ़ गया कि मामला गाली-गलौज से होते हुए धक्का-मुक्की और हाथापाई तक पहुँच गया। सड़क पर अचानक शुरू हुए इस ड्रामे को देखने के लिए राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों के बीच पहले तीखी बहस हुई और फिर देखते ही देखते दोनों एक-दूसरे पर टूट पड़ीं। सड़क के बीचों-बीच हुए इस हंगामे के कारण कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह स्थिति संभालने की कोशिश की, लेकिन



विवाद बढ़ता ही गया। सूचना मिलते ही काठगोदाम पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को काबू में लेकर थाने ले गई। पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर शांति भंग करने और हंगामा करने के आरोप में दोनों महिला ब्लॉगर्स को हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि दोनों को रात भर थाने में रखा गया, जिसके बाद आज अदालत से उन्हें जमानत मिल गई। इस पूरे घटनाक्रम के कई वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिनमें दोनों ब्लॉगर सड़क पर एक-दूसरे से भिड़ती नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर लाखों फॉलोअर्स रखने वाली इन इन्फ्लुएंसर्स के इस व्यवहार की शहर में जमकर आलोचना हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सोशल मीडिया पर लोकप्रिय लोगों को समाज के लिए सकारात्मक उदाहरण पेश करना चाहिए, न कि इस तरह सरेआम कानून-व्यवस्था को चुनौती देनी चाहिए। काठगोदाम थाना प्रभारी विमल कुमार मिश्रा ने बताया अभी दोनों को रात भर पुलिस विरासत में रखा गया है आज दोनों महिलाओं को हिदायत दी है और जमानत देकर छोड़ दिया गया है।

# रसोई गैस को लेकर फैल रही अफवाहों पर आईजी की अपील, आपूर्ति पूरी तरह सामान्य

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

रसोई गैस की कमी को लेकर सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से फैल रही अफवाहों पर कुमाऊँ परिक्षेत्र की आईजी रिधिम अग्रवाल ने आम जनता से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने लोगों से कहा है कि किसी भी प्रकार की भ्रामक जानकारी पर विश्वास न करें।



आईजी रिधिम अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि कुमाऊँ क्षेत्र में रसोई गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य रूप से जारी है और कहीं भी किसी प्रकार का संकट नहीं है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अनावश्यक रूप से भ्रम फैलाकर लोगों में घबराहट पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि वास्तविक स्थिति पूरी तरह सामान्य है। आईजी ने कुमाऊँ के सभी जनपद प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण करें और गैस वितरण व्यवस्था पर लगातार निगरानी बनाए रखें, ताकि आम जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

उन्होंने यह भी कहा कि यदि कहीं रसोई गैस की कालाबाजारी या वितरण में अनियमितता की सूचना मिलती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने जनता से अपील की कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या समस्या की जानकारी प्रशासन को दें।

# नगर निगम में खुला आधार सेवा केंद्र, अब एक ही स्थान पर मिलेंगी सभी सुविधाएं

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शहरवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हल्द्वानी नगर निगम में आधार सेवा केंद्र की शुरुआत कर दी गई है। नगर निगम कार्यालय परिसर में स्थापित इस केंद्र का उद्घाटन महापौर गजराज सिंह बिष्ट ने विधिवत फीता काटकर किया।

नई व्यवस्था लागू होने से अब शहर के लोगों को आधार कार्ड से जुड़े कार्यों के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। नगर निगम परिसर में ही नागरिकों को आधार से संबंधित अधिकांश सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। महापौर गजराज सिंह बिष्ट ने कहा कि नगर निगम का प्रयास है कि नागरिकों को सरकारी सेवाएं सरल, पारदर्शी और त्वरित तरीके से उपलब्ध हों। नगर निगम कार्यालय में आधार सेवा केंद्र की शुरुआत इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि इस केंद्र पर नागरिक नया आधार कार्ड बनवाने, नाम या पते में संशोधन कराने, मोबाइल नंबर अपडेट कराने समेत अन्य आवश्यक बदलाव आसानी से करवा सकेंगे।
अधिकारियों के अनुसार इस केंद्र के माध्यम से नया आधार पंजीकरण और आधार अपडेट से जुड़ी सभी जरूरी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी, जिससे आम लोगों का समय और परेशानी दोनों कम होंगे। इस अवसर पर नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय नागरिक भी मौजूद रहे। महापौर ने शहरवासियों से अपील की कि वे इस नई सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और आधार से जुड़े कार्यों के लिए नगर निगम में स्थापित इस केंद्र का उपयोग करें।



# मिडिल ईस्ट तनाव का असर: नैनीताल में गैस को लेकर बढ़ी चिंता

नैनीताल

हमारे संवाददाता

अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से मिडिल ईस्ट में हालात गंभीर होते जा रहे हैं, इसका असर अब देवभूमि उत्तराखंड की पर्यटन नगरी नैनीताल में एलपीजी आपूर्ति को लेकर भी दिखने लगा है। यदि मिडिल ईस्ट में तनाव लंबा खिंचता है तो कच्चे तेल और गैस की कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका है जिससे आम उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ सकता है। सरकार ने एलपीजी सिलेंडर बुकिंग से जुड़ा नियम भी बदल दिया है। अब घरेलू सिलेंडर की बुकिंग के लिए 25 दिन का अंतराल अनिवार्य कर दिया गया है वहीं डीएससी (कन्फर्मेशन) नंबर नहीं आने के कारण कई उपभोक्ताओं की बुकिंग भी नहीं हो पा रही है जिससे लोगों में नाराजगी देखी जा रही है।

इस फैसले पर स्थानीय निवासी हिमांशु जोशी ने बताया कि घरेलू सिलेंडर लेने में काफी दिक्कतें आ रही ऑनलाइन बुकिंग करने पर भी सर्वर डाउन दिखा रहा है घर में रोटी बनाने के लिए भी सिलेंडर नहीं है। इसके अलावा उनके पास दूसरे साधन नहीं हैण् जिससे खाना बना सके, सरकार को कोई ना कोई समाधान निकालना पड़ेगा, जिनकी ऑनलाइन बुकिंग नहीं हो पा रही है उनको गैस बुक दिखाकर सिलेंडर मुहैया कराना चाहिए, वहीं उपभोक्ता दीवान सिंह बिष्ट ने बताया







कि 25 दिन बाद सिलेंडर बुक होगी लेकिन सिलेंडर एक महीना हो गया है फि र भी बुकिंग नहीं हो रही है जिनका महीना हो गया उनकी बुकिंग हो जानी चाहिएए जिससे काफ ी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। कुमाऊं मंडल विकास निगम गैस एजेंसी के प्रबंधक रवि मेहरा ने बताया कि 14.2 किलो घरेलु सिलेंडर है वो पर्याप्त मात्रा में है लेकिन डीएससी नंबर की वजह से दिक्कत आ रही है जब सिलेंडर बुकिंग नहीं हो रही है तो उपभोक्ताओ में आक्रोश हो रहा है उपभोक्ताओं को गैस बुकिंग नहीं होने पर सिलेंडर मुहैया नहीं करा पा रहे हैं उन्होंने बताया कि इस मामले पर उच्च अधिकारियों कि मिनिस्ट्री ऑफ़ पेट्रोलियम से वार्ता हुई है और उनका कहना है कि आज या शाम तक ऑनलाइन बुकिंग होना शुरू हो जाएगी जैसे ही ऑनलाइन बुकिंग होना शुरू हो जाएगा स्थिति सामान्य हो जाएगी, कमर्शियल सिलेंडर को लेकर उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि केवल अस्पताल व स्कूल को ही वितरण करना है, इसके अलावा होटल व रेस्टोरेंट के लिए प्रशासन ने गैस सिलेंडर वितरण नहीं करने के आदेश दिए हैं। नैनीताल होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने कहा नैनीताल पर्यटन नगरी है यहां पर्यटन से ही रोजगार चलता है जिससे ही लोगों के घर चलते हैए रातों.रात एक आदेश जारी होता है जिसमें होटल रेस्टोरेंट को कमर्शियल सिलेंडर बंद कर दिए जाते हैंए और आदेश आता हैं कि केवल हॉस्पिटल व स्कूल के लिए ही सिलेंडर दिए जाएंगे जिसकी वजह से शहर में कई रेस्टोरेंट बंद होने शुरू हो गए हैं अगर स्थिति ऐसी ही बनी रही तो होटल बंद करने पड़ जाएंगेए अगर होटल में गैस सिलेंडर उपलबध नहीं होंगे तो कर्मचारियों को भी मजबूरन हटाना पड़ेगाए कमर्शियल सिलेंडर व घरेलू सिलेंडर के लिए भी अफरा तफरी मची हुई हैए मामले को लेकर जिलाधिकारी से होटल एसोसिएशन द्वारा मुलाकात की गई व अवगत कराया गया कि कम मात्रा में सिलेंडर उपलबध करवाए जाए लेकिन होटल रेस्टोरेंट को भी सिलेंडर मुहैया कराया जाए ताकि उनका भी रोजगार चले, उन्होंने कहा कि एक रात में एडवाइजरी जारी करके बैन लगाना भी ठीक नहीं हैए व्यवस्थाएं करना सरकार का काम है प्रदेश भी चलना है और देश भी चलना है जिसके लिए सरकार को जल्द ही इस पर ध्यान देना होगा। इस मामले पर जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने बताया कि अस्पतालए स्कूल को गैस सिलेंडर देने के निर्देश दिए गए हैए जिले में गैस एजेंसीयों से जिला प्रशासन की वार्ता हुई हैए कमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति अभी बंद की गई है इसके अलावा घरेलू सिलेंडर अभी उपलबध है जिसमें पहले 15 दिनों की बुकिंग मान्य थी लेकिन अब उसे 25 दिन बढ़ाया गया है, गोदामों में सतर्क निगरानी रखी जा रही है जिसके लिए टीम गठित की गई है कालाबाजारी तथा ओवर रेटिंग तथा होल्डिंग की शिकायते आती हैं तो उसपर तत्काल कार्रवाई की जाएंगी उन्होंने कहा जैसे ही बुकिंग करने के बाद डीएससी नंबर आएगा सिलेंडर उपलबध हो जाएंगे।